एफएए के स्पेशल एयरवर्थिनेस इंफॉर्मेशन बुलेटिन के तहत जांच

बोइंग विमानों में फ्यूल स्विच की जांच के आदेश

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता: विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को एयरलाइन कंपनियों को अपने बोइंग विमानों के 'ईंधन स्विच लॉकिंग' प्रणाली की जांच करने का निर्देश दिया।

यह अनिवार्य जांच अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन द्वारा वर्ष 2018 में जारी स्पेशल एयरवर्थिनेस इंफॉर्मेशन बुलेटिन (एसएआईबी) के तहत की जानी है। जांच 21 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी। एसएआईबी ने बोइंग विमानों के कुछ मॉडल में ईंधन नियंत्रण करने वाली 'स्विच लॉकिंग' प्रणाली के संभावित फेल होने को लेकर आगाह किया था। लेकिन कई ऑपरेटर ने उस पर अमल नहीं किया। सोमवार को डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू ऑपरेटरों ने अपने विमान बेड़े की जांच शुरू कर दी है। नियामक ने कहा कि भारत में हर ऑपरेटर बोइंग श्रृंखला से जुड़े विमानों की गहनता से जांच कराएगा।

बोइंग से जवाब मांगने की तैयारी में ब्रिटिश परिवार: हादसे में जान गंवाने वाले ब्रिटिश यात्रियों के परिवार प्रारंभिक रिपोर्ट जारी होने के बाद परेशान और चिंतित हैं। वे अब अमेरिकी अदालतों के माध्यम से बोइंग से जवाब मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

दो बार बदला था कॉकपिट का मॉड्यूल: एयर इंडिया ने दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 विमान के 'थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल' (टीसीएम) को पिछले छह साल में दो बार बदला था। यह कदम 2019 में जारी बोइंग के निर्देश के बाद उठाया गया था।

मशीनी या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं थी : एयर इंडिया

एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने सोमवार को कहा कि वायु यान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में मशीनी या रखरखाव संबंधी कोई समस्या नहीं मिली है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सभी अनिवार्य रखरखाव कार्य पूरे कर लिए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हादसे का न तो कोई स्पष्ट कारण बताया गया है और न ही कोई सिफारिश की गई है।

भारत-चीन संबंध सही दिशा में बढ़ रहे

बीजिंग, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी के अलावा चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और बीते कुछ महीनों में रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में अच्छी प्रगति हुई है।

जयशंकर ने उपराष्ट्रपति झेंग से कहा, भारत और चीन के रिश्ते अगर सामान्य होते हैं, तो इससे दोनों देशों को फायदा होगा। दुनिया की मौजूदा जटिल स्थिति को देखते हुए, भारत और चीन के बीच बातचीत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, पिछले साल अक्तूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कजान में हुई बैठक के बाद से रिश्तों में सुधार हो रहा है। मुझे भरोसा है मेरी यात्रा से यह सकारात्मक सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

एक-दूसरे का सहयोगी बनना होगा : चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग ने कहा, भारत और चीन दोनों बड़े विकासशील देश हैं और दोनों को एक-दूसरे का सहयोगी बनकर आगे बढ़ना चाहिए। जयशंकर ने झेंग से मुलाकात के दौरान कहा, कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली को भारत में बहुत सराहना मिल रही है। भारत में श्रद्धालुओं व आम जनता के बीच इसकी बहुत प्रशंसा हुई है।

एससीओ में चीन की अध्यक्षता को समर्थन : जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, चीन पहुंचने के तुरंत बाद उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात कर खुशी हुई। शंघाई सहयोग संगठन में चीन की अध्यक्षता को भारत का समर्थन दोहराया। द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को रेखांकित किया और भरोसा जताया कि इस यात्रा से यह सकारात्मक दिशा बनी रहेगी।

गलवान झड़प के बाद विदेश मंत्री की पहली यात्रा

वर्ष 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उस झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव आ गया था। यह झड़प भारत-चीन सीमा पर बीते चार दशकों में सबसे गंभीर सैन्य टकराव था, जिसमें दोनों ओर से सैनिकों की जान गई थी।

रूस 10 लाख भारतीयों को नौकरी पर रखेगा

मॉस्को, एजेंसी। रूस के श्रमिकों की भारी कमी हो गई है। इसके मद्देनजर रूस इस वर्ष के अंत तक भारत के 10 लाख कुशल कामगारों अपने यहां नौकरी देगा। यह जानकारी उरल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख अंद्रि बेसिदिन ने दी।

बेसिदिन ने रूसी समाचार एजेंसी 'आरबीसी' को बताया कि मेरी जानकारी के अनुसार इस वर्ष के अंत तक भारत से 10 लाख विशेषज्ञ रूस आएंगे, जिनमें से कुछ स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र में भी जाएंगे।

येकातेरिनबर्ग में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खुल रहा है, जो इन मामलों को संभालेगा। स्वेर्दलोव्स्क की राजधानी येकातेरिनबर्ग है। यह रूस के यूराल पर्वतीय क्षेत्र में स्थित है और यह देश की भारी उद्योग एवं सैन्य-उद्योगिक संरचना का केंद्र है। यहां प्रसिद्ध यूरालमाश और 1-90 टैंक निर्माता उरल वागन जावोद स्थित हैं। बेसिदिन ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन कुशल श्रमिकों की भारी कमी सामने आई है।

■ उरल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने दी जानकारी

मॉस्को पहुंचे भारतीय कामगार: 2024 में भारत से कुछ कुशल कामगार रूस के कई उद्योगों में आना शुरू हो गए हैं। विशेष रूप से कालिनिनग्राद के 'जा रोदीनू' फिश प्रोसेसिंग कॉम्प्लेक्स ने इन श्रमिकों को आमंत्रित किया है।

नक्सलवाद खात्मे की ओर बढ़ रहा देश : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत अब नक्सलवाद के अंत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इससे नक्सल क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं और लोग हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं। वह भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, केंद्र सरकार के 11 साल देश के विकास और बदलाव की दिशा में इतने महत्वपूर्ण रहे हैं कि उन्हें इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। नरेंद्र मोदी सरकार के शासन काल में देश के लोगों के जीवन से जुड़े सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास हुआ है।

पुतिन अच्छी बातें कर बम बरसाते हैं: ट्रंप

कीव, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार रात कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अच्छी बातें करते हैं, फिर बमबारी कर देते हैं। साथ ही उन्होंने यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलें भेजने की घोषणा की। इस बीच यूक्रेन और रूस के लिए ट्रंप के विशेष दूत कीथ केलॉग सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यूक्रेन के एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा होगी। पिछले सप्ताह ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह सोमवार को रूस को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान देंगे।

कर्मचारियों को निकालने की अनुमति दी: वाशिंगटन। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने को उनकी योजना को पुनः पटरी पर लाने तथा लगभग 1,400 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की अनुमति दे दी है।

भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा फिर दोहराया

ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का अपना दावा दोहराया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष परमाणु युद्ध में बदल सकता था। ओवल ऑफिस में नाटो महासचिव रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि हम युद्धों को सुलझाने में बहुत सफल रहे हैं।

बीस से अधिक राज्यों ने ट्रंप प्रशासन पर किया मुकदमा

ईस्ट प्रोविडेंस, एजेंसी। 20 से अधिक राज्यों ने स्कूल के बाद के कार्यक्रमों और ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए अरबों डॉलर की धनराशि रोके जाने के मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। एडेन कैज़ारेस देश भर के उन 1.4 मिलियन बच्चों और किशोरों में से एक हैं, जो संघीय करदाताओं की बदौलत स्कूल के बाद और गर्मियों में बॉयज एंड गर्ल्स क्लब, वाईएमसीए या किसी पब्लिक स्कूल में मुफ्त में कार्यक्रम देख रहे हैं।

देश-विदेश 30s

दो यात्रियों ने कॉकपिट में घुसने की कोशिश की

नई दिल्ली। स्पाइसजेट के एक विमान में दो उपद्रवी यात्रियों ने कॉकपिट में सोमवार को जबरन घुसने का प्रयास किया। इसके बाद उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। स्पाइसजेट ने बताया कि विमान को मुंबई जाना था, उसे वापस 'बे' पर लाया गया और दोनों यात्रियों को उतारकर उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। विमानन कंपनी ने कहा, 'दोनों यात्रियों ने कॉकपिट में जबरन जाने की कोशिश की और विमान की गतिविधियों में व्यवधान पैदा किया।'

मशहूर लेखक मार्टिन क्रूज स्मिथ का निधन

न्यूयॉर्क, एजेंसी। प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्टिन क्रूज स्मिथ का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी मशहूर किताब गोर्की पार्क ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई। उनके प्रकाशक साइमन एंड शूस्टर ने उनके निधन की सूचना दी। स्मिथ ने 1981 में गोर्की पार्क लिखकर मॉस्को के जासूस अरकादी रेंको की कहानी शुरू की, जो शीत युद्ध के दौर में तीन हत्याओं की जांच करता है।

इजरायली हमलों में 30 की जान गई

देइर अल-बलाह। गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार रात से सोमवार सुबह तक कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी अस्पतालों ने दी है। खान यूनिस के नासिर अस्पताल ने बताया कि यहां 12 लोगों की मौत हुई, जिनमें तीन लोग सहायता वितरण केंद्र पर इंतजार कर रहे थे।

सीरिया के सुवेदा में झड़प, 30 से ज्यादा मारे गए

बेरूत। दक्षिणी सीरिया के सुवेदा प्रांत में पिछले दो दिनों में हुई झड़पों में 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि सुवेदा प्रांत में ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने अराजकता बढ़ा दी है।

डब्ल्यूएचओ ने हसीना की बेटी को छुट्टी पर भेजा

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सख्त एक्शन लिया है। संगठन में रीजनल डायरेक्टर साउथ ईस्ट एशिया के पद पर तैनात साइमा वाजेद को छुट्टी पर भेज दिया गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से साइमा पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद यह कार्रवाई की गई है।

भारत बौद्ध शिक्षा के लिए सबसे बेहतर: दलाई लामा



लेह। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा कि भारत बौद्ध धर्म सीखने और समझने के लिए सबसे अच्छा देश है। उन्होंने कहा, चीन में धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियों व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते बौद्ध शिक्षा मिल पाना संभव नहीं है। लद्दाख पहुंचने पर स्थानीय लोगों और तिब्बती समुदाय ने उनका स्वागत किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE - TRD-IZN-2025-26-T13, दि.14.07.2025

'खुली ई-निविदा'

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01.** कार्य का नाम प्रस्तावित इंजीनियरिंग कार्य "बाजपुर गुड्स शेड प्लेटफार्म का विकास" के संबंध में बाजपुर यार्ड में ओएचई से संबंधित कार्य। **टेंडर रिफरेंस नं.:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T13, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹ 1,23,20,729.15, अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी : ₹ 2,11,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य: रुपया में: 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 06.08.2025, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह।

खुली ई-निविदा दिनांक 06.08.2025 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की इच्छुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ टीआरडी
मुजाफिर/विद्युत-90 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2025-26-07 मॉडिफिकेशन वर्क फॉर प्रोविजन ऑफ डबल इनलेट ब्लोअर इन एल०एच०बी० टाईप नन ए०सी० कोचेज इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** ₹49,77,600/- ; **बयाना राशि:** ₹99,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ निल ; **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से:** 12 महीना। • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 05.08.2025 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपे०
मुजाफिर/विद्युत-88 (कार.) गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1. निविदा सं: वमविई-टीआरडी-लजं-ओटी-163, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में नीचूदा SCADA प्रणाली में साइबर सुरक्षा का कार्यान्वयन। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 11-08-2025 ₹ 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 11-08-2025 ₹ 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 6,92,00,000/-, बयाना राशि: ₹ 4,96,000/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

नोट: (1) इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाफि/विद्युत-91 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं०: DCE-BL-03-2025

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है :- **क्र.सं. (1), ई-निविदा सूचना सं०: DCE-BL-03-2025,** कार्य का विवरण : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के लोको शेड इज्जतनगर में गेन्ट्री गर्डर के नं० 1 और 3 का रेल बदलने का कार्य। अनुमानित लागत (₹) : 20,82,643.77, बयाने की राशि (₹) : 41,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रुपए स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि : 04 (चार) माह। 1. ई- निविदा खुलने की तिथि दिनांक 04.08.2025 को 11.00 बजे 2. ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 04.08.2025 को 10.59 बजे तक 3. ई-निविदा सूचना, योग्य मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता/पुल/बा० ला०
मुजाफि/डब्लू-158

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :- **(1)** ई-निविदा संख्या: **NER-LJN-2025-123,** कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- नकहा जंगल स्टेशन पर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आरसीसी ओवर हेड टैंक (25000 गैलन) के साथ गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान। अनुमानित लागत (रू): 8014717.88, अग्रिम धन (रू): 160300.00, समापन अवधि – 06 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-123** के लिये ई-निविदा दिनांक 05.08.2025 को 15.00 बजे तक आपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें। **मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
मुजाफि/डब्लू-157 **पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या-या/301/इज्ज/25-26/ओ०टी०-15

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1, कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 3788 बायो-आइजेक्टर डैक्टों की अन्तर्वीक्षा, किरमिटजिग, शफाई, ओवरहॉलिंग, बफिंग और डीपीटी कार्य 02 वर्ष की अवधि के लिए (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹56,38,934.88 (छप्पन लाख अड़तीस हजार नौ सौ चौंतीस रुपये एवं अट्ठासी पैसा मात्र), **जमानत राशि (₹ में):** ₹1,12,800/- (एक लाख बारह हजार आठ सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **कार्य अवधि:** 02 वर्ष, **निविदा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 04.08.2025 को 15:30 बजे। **नोट: 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 12.07.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 04.08.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु केन्द्रों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act. 2000 के अंतर्गत C.C.A. द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि सलंग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उमयांइ/प्लांट, यांत्रिक कारखाना,
मुजाफि/यांत्रिक-46 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार, जनपद-महाराजगंज (उ.प्र.)

नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद-सिसवा बाजार, जनपद-महाराजगंज सीमान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 01-08-2025 से 31-03-2026 तक)** के लिए नगर पालिका के सीमान्तर्गत से नागरिकों को ले जाने एवं ले आने के लिए चलने वाली समस्त सवारी गाड़ियों के पड़ाव से टैक्सी स्टैण्ड (पार्किंग शुल्क) की वसूली कराये जाने हेतु नीलामी दिनांक 25-07-2025 दिन शुक्रवार को अपराह्न 02.00 बजे नगर पालिका परिषद-सिसवा बाजार के कार्यालय पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा की जायेगी। किसी कारण उक्त तिथि को नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है, तो नीलामी की कार्यवाही -दिनांक 28-07-2025 एवं 30-07-2025 को सम्पन्न करायी जायेगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने के लिए नियम व शर्तों की पूर्ण जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(प्रियंका मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार
महराजगंज

(शकुन्तला जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार
महराजगंज

पत्रांक: 191 (9)/न.पा.प. सिसवा/2025-26/
नीलामी सूचना/दिनांक 14.07.2025

कार्यालय नगर पंचायत पनियरा, जनपद-महाराजगंज

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत पनियरा में ''पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना'' के प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराने हेतु (टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल) निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा को वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदा का मूल्य नगर पंचायत पनियरा के बचत खाता सं. 75118888745, आई.एफ.सी. कोड BARB0BUPGBX (बड़ौदा यू०पी० बैंक शाखा-पनियरा) में जमा करके प्राप्ति रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत पनियरा-महराजगंज से कार्यालय समय व दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

01.	वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	18.07.2025	अपराह्न 02:00 बजे
02.	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि / समय	18.07.2025	अपराह्न 05:00 बजे
03.	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि / समय	18.07.2025	अपराह्न 05:00 बजे
04.	ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय	08.08.2025	अपराह्न 12:00 बजे
05.	ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय	08.08.2025	अपराह्न 02:00 बजे

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पनियरा
महराजगंज

अध्यक्ष
नगर पंचायत पनियरा
महराजगंज

पत्रांक: 195/न.पनियरा/2025-26 दिनांक 10.07.2025

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

लेन नं० 3 भवन नं० 23, शास्त्रीनगर हरिद्वार रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड 248005
Website : www.ukmssb.org, Email: ukmssbdun@gmail.com, Ph. 0135-2665366

विज्ञप्ति सं०:-24/2025 दिनांक:- 14 जुलाई, 2025

असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा- 2025

उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या उ0चि0से0ए0बो0 / परी0 / 23 / 2024-25 / 521, दिनांक 14 जुलाई, 2025 के माध्यम से राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है। पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:-

पद का नाम	वेतनमान	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य वर्ग पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	अनारक्षित	कुल
असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग)	₹56,100-₹1,77,500 (लेवल-10)	05	01	01	01	08	16

नोट: उक्त तालिका में अनुसूचित जाति श्रेणी के अन्तर्गत विज्ञापित 05 पदों में से 04 पद बैकलॉग पद है।

महत्वपूर्ण तिथियां		
विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	—	दिनांक 14 जुलाई, 2025 (सोमवार)
ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	—	दिनांक 29 जुलाई, 2025 (मंगलवार)
ऑनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	—	दिनांक 18 अगस्त, 2025 (सोमवार) सांय 05:00 बजे तक
आवेदन शुल्क Net Banking/Debit Card/ Credit Card द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि	—	दिनांक 18 अगस्त, 2025 (सोमवार) सांय 05:00 बजे तक

विज्ञापन की शर्तानुसार अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट **www.ukmssb.org** के माध्यम से दिनांक **29 जुलाई 2025 (मंगलवार)** से ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है। ऑनलाईन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि **18 अगस्त 2025 (सोमवार) सांय 05.00 बजे तक** है। विस्तृत विज्ञापन से सम्बन्धित विवरण बोर्ड की वेबसाइट **www.ukmssb.org** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

(प्रदीप जोशी)
सचिव

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3 खण्ड, लो०नि०वि०, गोरखपुर

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

पत्रांक: 2262/ 1 ए (निविदा) दिनांक: 08/07/2025

महानिदेश राजधानी, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर में श्री/-'ए, बी, सी व डी' में मार्ग कार्य हेतु पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु० लाख में)	धरोहर धनराशि (रु० लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु० में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7
1	गोरखपुर	ग्रामसभा कोनी में नवनिर्माणाधीन पेरेलाना झलकारी बाई पी०एच०सी महेता कालिसन भवन पहुंच मार्ग के नव निर्माण का कार्य।	24.00	2.40	(लोकनर्ती कार्डस + निविदा शुल्क + जी.एस.टी.) रु० 04.00	03 माह (तीन) ऋतु सहित

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17-07-2025 से 25-07-2025 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 25-07-2025 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25-07-2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 25-07-2025 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रिया साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर

उ0प्र0: 235943 दिनांक: 14.07.2025
Website: www.upgov.nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभिय